भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 3238**

जिसका उत्तर 12.03.2026 को दिया जाना है

**राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को पूरा करने में विलंब**

3238. डॉ. काकोली घोष दस्तीदार:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2014 से क्रमश: तीन वर्ष और पांच वर्ष से अधिक विलंब से चल रही राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की संख्या का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्ष 2014 से तीन वर्ष और पांच वर्षों से अधिक की देरी से चल रही राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की लागत में औसत और अधिकतम वृद्धि (रुपये में) कितनी है और मूल अनुमान से कितने प्रतिशत अधिक है; और

(ग) राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रख-रखाव के लिए आवंटित निधियों और किए गए व्यय का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) समापन/ समय पूर्व बंद करने के लिए विचाराधीन परियोजनाओं को छोड़कर, 1 अप्रैल 2014 से शुरू की गई सभी राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) परियोजनाओं में से, 660 वैसी परियोजनाएं हैं जो परियोजना पूर्णता के विभिन्न चरणों में से किसी को भी प्राप्त किए बिना, अपनी मूल पूर्णता समय सीमा को पार कर गई हैं। इन परियोजनाओं में से 83 परियोजनाओं में तीन साल से अधिक की देरी हुई है और 22 परियोजनाओं में पांच साल से अधिक की देरी हुई है।

(ख) सभी विलंबित परियोजनाओं में लागत वृद्धि नहीं होती है। यदि देरी संविदाकार के कारण नहीं होती है, तो मूल्य वृद्धि का भुगतान संविदा की शर्तों के अनुसार किया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप अतिरिक्त लागत हो भी सकती है या नहीं भी हो सकती है, जो परियोजना के वास्तविक पूरा होने और बिलों के अंतिम निपटान पर निर्धारित मूल्य वृद्धि के अंतिम मूल्य पर निर्भर करता है। यदि देरी संविदाकार के कारण होती है, तो हर्जाना लगाया जाता है और देरी के कारण कोई अतिरिक्त लागत नहीं होती है।

(ग) विगत पांच वित्तीय वर्षों के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रखरखाव के लिए आवंटित राशि और व्यय का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है।

**<u>अनुलग्नक</u>**

**"राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को पूरा करने में विलंब"** के संबंध में डॉ. काकोली घोष दस्तीदार द्वारा पूछे गए दिनांक 12.03.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3238 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

विगत पांच वित्तीय वर्षों के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रखरखाव के लिए आवंटित राशि और व्यय का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण

**(राशि करोड़ रू. में)**

| **क्र. सं.** | **राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र** | **आवंटन** | **व्यय** |
|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | | |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | | |
| 3 | असम | | |
| 4 | बिहार | | |
| 5 | छत्तीसगढ़ | | |
| 6 | गोवा | | |
| 7 | गुजरात | | |
| 8 | हरियाणा | | |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | | |
| 10 | झारखंड | | |
| 11 | कर्नाटक | | |
| 12 | केरल | | |
| 13 | मध्य प्रदेश | | |
| 14 | महाराष्ट्र | | |
| 15 | मणिपुर | | |
| 16 | मेघालय | | |
| 17 | मिजोरम | | |
| 18 | नागालैंड | | |
| 19 | ओडिशा | | |
| 20 | पंजाब | | |
| 21 | राजस्थान | | |
| 22 | सिक्किम | | |
| 23 | तमिलनाडु | | |
| 24 | तेलंगाना | | |
| 25 | त्रिपुरा | | |
| 26 | उत्तर प्रदेश | | |

| क्र. सं. | राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र | आवंटन | व्यय |
|---|---|---|---|
| 27 | उत्तराखंड | | |
| 28 | पश्चिम बंगाल | | |
| 29 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | | |
| 30 | चंडीगढ़ | | |
| 31 | दादरा और नगर हवेली | | |
| 32 | दमन और दीव | | |
| 33 | दिल्ली | | |
| 34 | जम्मू और कश्मीर | | |
| 35 | लद्दाख | | |
| 36 | पुडुचेरी | | |

*****